आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उत्तर प्रदेश)
संशोधित प्रत्यायन संरचना हेतु जागरुकता
एक दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार, 10 जनवरी, 2020

पत्रांकः आई0क्यू0ए0सी0 /
दिनांकः 28 / 12 / 2019

प्राचार्य / समन्वयक आई0क्यू0ए0सी
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

महोदय / महोदया,

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशनुसार आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के तत्वावधान में नैक की जागरूकता के दृष्टिकोण से आगामी 10 जनवरी, 2020 को विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला का विषय "संशोधित प्रत्यायन संरचना हेतु जागरुकता" है। 10 जनवरी, 2020 प्रातः 09:30 बजे से कार्यशाला हेतु पंजीकरण एवं प्रातः 10:30 से सायं 05:00 बजे तक कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। कार्यशाला में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित तथा स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / समन्वयक आई0क्यू0ए0सी तथा प्रभारी, नैक मूल्यांकन आमन्त्रित हैं।

आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित कर अपनी प्रतिभागिता निम्न ई–मेल (iqac.ccsumrt@gmail.com) पर यथा शीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि तदनुरूप व्यवस्था की जा सके।

मध्याह्न भोजन की व्यवस्था आयोजक द्वारा की जायेगी जबकि प्रतिभागियों के मार्ग / यात्रा व्यय की व्यवस्था सम्बधित महाविद्यालय / संस्थान द्वारा की जायेगी।

आपके सक्रिय सहयोग की आशा में,

भवदीय,

अध्यक्ष,
आई0क्यू0ए0सी0

प्रतिलिपि :–

01. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद् को सूचनार्थ।
03. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
04. वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।

अध्यक्ष,
आई0क्यू0ए0सी0